हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

12 वर्तमान में पशु चिकित्सकों की भूमिका अहम



12 सोलो गायन में अनुष्का ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### जेल में कैमरा लगाने वाले 2 लोग अफीम समेत पकड़े

**हिसार।** तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने दो व्यक्तियों को 47 ग्राम 05 मिलीग्राम अफीम सहित काबू किया है। पुलिस के अनुसार जेल में कैमरा इंस्टॉल करने की ड्यूटी पर तैनात दो व्यक्तियों पर संदेह होने के चलते पुलिस टीम ने उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से अफीम बरामद हुई। दोनों आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया गया। पकड़े गये आरोपियों की पहचान ढाणी कुम्हारान निवासी सोनू व पुट्ठी मंगल खां निवासी विशाल के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइन थना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### 210 ग्राम हेरोइन सहित एक दबोचा, गाड़ी जब्त

**उकलाना मंडी।** पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फतेहाबाद जिले के गांव नहला निवासी अमित कुमार के रूप में हुई है। उकलाना थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मिली सूचना पर भैरी अकबरपुर रोड पर नाकाबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध गाड़ी को रुकने का इशारा किया गया, जिसे आरोपी ने भगाने की कोशिश की, लेकिन हड़बड़ाहट में गाड़ी बंद हो गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को काबू किया। पुलिस के अनुसर आरोपी पर भूना थाने में लड़ाई झगड़े का एक केस दर्ज है। आरोपी से 210 ग्राम हेरोइन व आई 20 गाड़ी कब्जे में ले ली है।

### बाइक सवार 10.86 ग्राम हेरोइन के साथ काबू

**हिसार।** एएनसी स्टाफ ने मिलगेट स्थित दीप नगर कालोनी से एक युवक को 10 ग्राम 860 मिलीग्राम हेरोइन व मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वार्ड 12 शिव नगर निवासी रवि उर्फ हिसारिया के रूप में हुई है। एएनसी स्टाफ प्रभारी निरीक्षक इन्द्र सिंह ने बताया कि पीएसआई जनक कुमार की टीम ने कैंची चौक रायपुर रोड पर दीप नगर कालोनी मिल गेट से आ रहे एक युवक को बाइक सहित काबू किया। तलाशी में उससे हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने हेरोइन व मोटरसाइकिल कब्जे में लेकर उसके खिलाफ थाना एचटीएम में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज करवाया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी पर पहले लड़ाई झगड़े के दो मामले दर्ज है।

### शस्त्र अधिनियम के मामले में असल सप्लायर धरा

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के पुराने मामले में असल सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के खन्ना जिले के वाल्मीकि मोहल्ला निवासी निखिल के रूप में हुई है। एसआई विजय कुमार ने बताया कि इस संबंध में सीआईए टीम ने 21 सितंबर 2023 को सेक्टर 1-4 की माइनर की पुलिया से जींद जिले के बेलरखां निवासी अनूप महाबीर कॉलोनी निवासी माईयाल उर्फ चिराग को 315 बोर के दो अवैध पिस्तोल सहित काबू किया था। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अनूप व माईलाल ने ये दोनों अवैध हथियार आरोपी निखिल से खरीदे थे।

### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान और सत्संग कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 26 अप्रैल को ध्यान और सत्संग का आयोजन किया जाएगा। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय और मां सांची ने बताया कि प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चलने वाले ध्यान सत्र और सत्संग में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे। इस दौरान साधकों को ध्यान का महत्व समझाया जाएगा और ध्यान विधियों का अभ्यास भी करवाया जाएगा। इस ध्यान व सत्संग की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

---

गोशालाओं के विकास के लिए एक करोड़ 26 हजार की सहायता राशि के चेक बांटे, बोले- गायों की मदद के लिए हमेशा तैयार

# गाय का दूध जननी के समान, तभी दिया गोमाता का दर्जा : कै. अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गायों के सम्मान के लिए सरकार हर गोशाला में अनुदान राशि दे रही है ताकि गोशालाओं में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। भविष्य में भी गोशाला में सहायता देने का काम होता रहेगा। यह बात पूर्व वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने नारनौंद की ओम नारायण गिरि गोशाला में नारनौंद हलके की छह गोशालाओं को एक करोड़ 26 हजार रुपये सहायता राशि के चेक भेंट करते हुए कही।

इस अवसर पर नारनौंद हलके के प्रभारी एवं बावल से विधायक डॉ. कृष्ण कुमार भी विशेष तौर पर मौजूद थे। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि नारनौंद की पवित्र गोशाला में इस कार्यक्रम का आयोजन कर गांव नारनौंद की गोशाला को 16 लाख 89 हजार रुपये, मिर्चपुर को 9 लाख 9 हजार, महजत में तीन लाख 19 हजार, कापड़ो गोशाला में 16 लाख 69 हजार, गुराना में 21 लाख 19 हजार और डाटा गोशाला में 58 लाख 53 हजार की सहायता राशि भेंट की गई है। गायों की सेवा के लिए सरकार द्वारा लगातार उनको सहायता राशि दे रही है। उन्होंने कहा कि गाय का दूध हमारी जननी माता के दूध के समान है। तभी हमारी संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि आज जो सहायता राशि दी गई है वह सरकार की नहीं बल्कि जनता की गाढ़ी कमाई से दी गई है। पिछली सरकारों ने गोशालाओं के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा ने गो सेवा आयोग का गठन करके गोमाता का सम्मान बढ़ाया है। भाजपा सरकार ने परंपरा शुरू करके गोशालाओं में प्रत्येक वर्ष सहायता राशि भेजने का संकल्प लिया है।



**नारनौंद।** गोशाला में सहायता राशि के चेक वितरित करते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व विधायक डॉ. कृष्ण कुमार।

### बावल विधायक ने की कैप्टन अभिमन्यु की प्रशंसा

बावल से विधायक डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि जब प्रदेश के वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु होते थे तो प्रदेश के हर वर्ग की झोली भरी जाती थी। उनके काम करने का अलग कौशल था। गोशालाओं में पहले काफी परेशानी रहती थी, भाजपा सरकार ने सहायता राशि भेजने का काम किया। साथ ही गोशाला में पानी की कमी, चारदीवारी, शेड की जरूरत के लिए तुरंत पैसे भेजे जा रहे हैं। भविष्य में जिस गोशाला को जरूरत हो तो वो अपनी डिमांड भेज कर सहायता ले सकती हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, मार्केट कमेटी चेयरमैन मास्टर उदय सिंह लोहान, चेयरमैन शमशेर मोर, अजय सिंधु, नीलम जांगड़ा, राजबीर खेड़ी, महावीर श्योराण, दीपक लोहान, कुलदीप गौतम, नरेश वर्मा, सुरेश एमसी, शैलेंद्र कापड़ो, सोनू नरवाल, सोनू सैनी, आजाद शर्मा, देवेंद्र बूरा, सतीश आर्य, धर्मपाल मित्तल, जगदीश उर्फ बिल्लू, मुकेश लोहान, अमरजीत लोहान, सरला नाड़ा, प्रीति कोथ, अंग्रेजो कागसर आदि मौजूद थे।

### बास अनाज मंडी में अटल किसान कैंटीन शुरू



नारनौंद : कैंटीन में खाना खाते हुए पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व अन्य।

**नारनौंद।** किसानों को सुविधाएं देने के लिए सरकार लगातार योजनाएं तैयार करके उनको फायदा पहुंचा रही है। सरकार का प्रयास है कि किसान आर्थिक रूप से सम्पन्न हो और मंडियों में आने पर भी उन्हें कोई परेशानी न हो। यह बात प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने गांव बास की अनाज मंडी में अटल किसान कैंटीन का शुभारंभ करते हुए कही। इस अवसर पर कैप्टन अभिमन्यु ने कैंटीन के खाने का स्वाद भी चखा। उन्होंने कहा कि इस कैंटीन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किया हुआ पौष्टिक खाना परोसा जाएगा, जो स्वादिष्ट और लाजवाब होगा। किसान और मजदूर सहित अन्य लोग भी मात्र 10 रुपये की थाली लेकर खाना खा सकेंगे। पूरे प्रदेश में ये सुविधा सफल रही है। बास की अनाज मंडी में इसकी शुरुआत हो चुकी है। इस कैंटीन को गगन महिला कलस्टर समूह की महिलाएं संचालित करेंगी, जिसमें खाने, आरओ का पानी और बैठने की हवादार सुविधा उपलब्ध होगी। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार अनेक योजनाएं लागू कर रही है ताकि महिलाओं को लाभ पहुंचे। महिलाओं के काम करने का एक मंच तैयार कर दिया गया हैं। आज स्वय सहायता समूह में शामिल होकर काफी महिलाएं अपने परिवार का पालन पोषण कर रही हैं। इस अवसर पर डीपीएम वीरेंद्र श्योराण, मंजू मलिक, पंच रमेश कुमार, मार्केट कमेटी सचिव सतीश कुमार आदि मौजूद थे।

---

शुक्रवार रहा सीजन का सबसे गर्म दिन, अप्रैल में मई-जून जैसी गर्मी का अहसास

# पारा 43 का आंकड़ा छूने को बेताब, सामान्य से 4⁰ ज्यादा

**अधिकतम पारा 42.9 और न्यूनतम 24.1 डिग्री किया गया दर्ज जनजीवन प्रभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अप्रैल महीने में ही गर्मी मई-जून की गर्मी का अहसास कराने लगी है। हिसार व आसपास के क्षेत्रों में गर्मी ने अपनी तेवर तेज किए हुआ है। इसके चलते दिन के पारे में लगातार वृद्धि हो रही है। शुक्रवार को अधिकतम पारा 42.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि इस सीजन का सर्वाधिक है। आईएमडी के अनुसार आज का तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। गुरुवार को दिन का पारा 42.1 डिग्री सेल्सियस रहा था। उधर, दिन के साथ-साथ रात्रि पारे ने भी रफ्तार पकड़ी हुई है। गुरुवार को रात्रि पारा 22.4 डिग्री सेल्सियस था, जो शुक्रवार को उछल कर 24.1 पर पहुंच गया।

उधर, भीषण गर्मी व हीट वेव से बचाव को लेकर प्रशासन की तरफ से एडवाइजरी भी जारी की गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने शुक्रवार रात्रि से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। इसके साथ ही अप्रैल माह के अंत में कुल तीन पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण मौसम परिवर्तन शील बने रहने के आसार है। कहीं-कहीं बूंदाबांदी की आसार है,



लेकिन गर्मी से राहत के कोई संकेत नहीं है। लगातार पश्चिमी मरुस्थलीय शुष्क गर्म हवाओं के चलते आग उगलने वाली गर्मी अपने तीखे तेवरों से आगाज़ किए हुए हैं। सम्पूर्ण इलाके में लगातार तापमान में उफान देखने को मिल रहा है। गर्मी के कारण जनजीवन पर व्यापक असर देखने को मिला है।

दिन के समय सड़कों पर अभी से सन्नाटा दिखने लगा है। तेजी से बढ़ रहे पारे के कारण बिजली की डिमांड में भी वृद्धि हो रही है।

### देखने को मिलेगा बदलाव

मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्रमोहन के अनुसार आने वाले दिनों में एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ आने से अप्रैल महीने के अंतिम दिनों लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। पहला शुक्रवार रात्रि, दूसरा 28 अप्रैल तथा तीसरा 30 अप्रैल को आने की संभावना है। इसके चलते बीच-बीच में बादलों की आवाजाही और तेज़ गति की हवाओं आंधी, अंधड़ और हल्की बारिश बूंदाबांदी की गतिविधियों की संभावना बन रही है परन्तु इस दौरान बार-बार मौसम में बदलाव रहेगा। तापमान में उफान ज़ारी रहेगा।

### हिसार के तापमान का ग्राफ

| दिन | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 24 अप्रैल | 42.9 | 24.1 |
| 23 अप्रैल | 42.1 | 22.4 |
| 22 अप्रैल | 41.2 | 21.2 |
| 21 अप्रैल | 39.6 | 20.4 |
| 20 अप्रैल | 39.6 | 20.9 |
| 19 अप्रैल | 41.1 | 19.0 |

### हीट वेव को लेकर एडीसी ने जारी की एडवाइजरी

अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने लोगों को धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और ढीले सूती कपड़े पहनने की सलाह देते हुए कहा कि ओआरएस या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोडक़र न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। यदि बच्चे को चक्कर आए, उल्टी, घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाए।

---

## सर्वेश अस्पताल से 9 लाख रुपये चुराने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर पुलिस ने सेक्टर 14 स्थित सर्वेश अस्पताल से रुपये चोरी करने वाले आरोपी को काबू कर लिया है। इस संबंध में शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को काबू किया। उसकी पहचान नवदीप कॉलोनी निवासी दिनेश के रुप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी दिनेश ने अस्पताल से रुपये चोरी करने की बात स्वीकार की है। आरोपी दिनेश सर्वेश अस्पताल में कार्यरत था और मरीजों की पर्ची काटकर कैश लेने का काम करता था। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

बता दें कि पुलिस ने सर्वेश अस्पताल के एचआर मैनेजर मिर्जापुर निवासी राममेहर सिंह की शिकायत में केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार अस्पताल के एचआर मैनेजर मिर्जापुर निवासी राममेहर सिंह ने पुलिस को बताया कि आरोपी दिनेश ढांडा नवदीप कॉलोनी का रहने वाला है। वह अस्पताल में बिलिंग स्टाफ के पद पर तैनात था। उसका काम मरीजों की पर्ची काटकर कैश इकट्ठा करना था। गत 20 व 21 अप्रैल के कलेक्शन की जब जांच की गई तो पता चला कि दिनेश ने 9 लाख 480 रुपये की राशि हेड कैशियर के पास जमा ही नहीं कराई और गायब हो गया। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दिनेश ढांडा के खिलाफ केस दर्ज किया था।

---

## भाजपा उम्मीदवार ने भरा पर्चा



**उकलाना।** नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार निकिता गोयल ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के अवसर पर पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। निकिता गोयल ने समर्थकों के साथ बरवाला एसडीएम कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन भरा। इससे पहले एकत्रित पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि पार्टी ने निष्ठावान व सशक्त महिला को उम्मीदवार बनाकर हर कार्यकर्ता का सम्मान किया है। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए स्पष्ट है कि भाजपा उम्मीदवार निकिता गोयल की जीत तय है। पार्टी उम्मीदवार निकिता गोयल ने इस अवसर पर सभी समर्थकों से सहयोग की अपील करते हुए उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे सबके सहयोग से उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व विधायक जोगी राम सिहाग, वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल, अशोक गर्ग, कपिल नारंग, पूर्व चेयरमैन सुशील सिंगला, सतवंत सिंह, सुरेन्द्र आर्य, रामफल नैन, रवि सैनी, शंकर धूपड़, चंद्रप्रकाश बोस्ती, मुनीश ऐलावादी, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, प्रवक्ता पीयूष मेहता, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा आदि मौजूद थे।

---

# हाईकोर्ट में दुष्यंत की याचिका मंजूर, एसपी से 30 को मांगा जवाब

- जो कसूरवार हैं और जिन्होंने गलती की, सरकार उन्हें बचाने में लगी : दुष्यंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीआईए इंचार्ज पवन कुमार से हुए विवाद में पूर्व डिप्टी सीएम एवं वरिष्ठ जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला की याचिका पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में मंजूर कर ली है। हाईकोर्ट ने याचिका पर हिसार पुलिस अधीक्षक से जवाब मांगा गया है। अगली सुनवाई अब 30 अप्रैल को होगी। यह जानकारी पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में 27 अप्रैल को क्रांतिमान पार्क में आयोजित छात्र महापंचायत को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में दी। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि हमने हाईकोर्ट में 23 अप्रैल को लगाई याचिका लगाई थी, जिसे मंजूर कर लिया है। इस याचिका में हिसार पुलिस पर एफआईआर दर्ज करने सहित कई बातों का उल्लेख है। उन्होंने आरोप लगाया कि 16 और 17 अप्रैल की घटना में जो कसूरवार है और जिन्होंने गलती की है, उन्हें सरकार बचाने में लगी है। पुलिस की तरफ से नोटिस मिलने के सवाल पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि मुझे कोई नोटिस नहीं मिला। मैं पुलिस को बयान देने के लिए तैयार हूं। पुलिस बताए कि मुझे कहां आना है। मैं एसपी को चार बार कॉल करके कह चुका हूं, जो मेरे खिलाफ शिकायत है, उसकी नकल दी जाए। हमें एफआईआर की नकल भी कोर्ट से छठे दिन लेनी पड़ी है। पुलिस के मन में घबराहट है, इसलिए वह शिकायत देने से आनाकानी कर रहे हैं। मेरी किसी एक व्यक्ति विशेष से लड़ाई नहीं है, 16 अप्रैल से लेकर 17 अप्रैल देर रात तक पुलिस ने साजिशन जो कार्रवाई की है, उस सिस्टम के खिलाफ हमारी लड़ाई है।



**हिसार।** पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

### सीआईए को सादी वर्दी में रहने की परमिशन नहीं: चौटाला

पूर्व डिप्टी सीएम ने दावा किया कि हरियाणा यूनिफोर्म कोड के तहत सीआईए को सादी वर्दी में रहने की परमिशन नहीं है। डीजीपी बताए कि किस आधार पर सीआईए आधी रात को सिविल वर्दी में रेड मारने गई थी। हरियाणा के लोगों से अपील करता हूं कि कोई भी पुलिस की गाड़ी काले शीशे और बिना नंबर प्लेट के दिखे तो तुरंत फोटो खींचकर मुझे ट्वीट कर दें। मैं देखता हूं कि सीआईए वाले काले शीशे वाली गाड़ी और सिविल ड्रेस में क्रिमिनल बनकर कैसे घूमते हैं। दुष्यंत चौटाला ने सभी छात्रों से अपील की कि सोमवार को एक दिन का समय अपने हक के लिए निकालकर क्रांतिमान पार्क में आयोजित महापंचायत पहुंचें। पुलिस आपको रोकने का काम करेगी। मगर, एक दिन अपने हित की लड़ाई लड़ने के लिए हिसार आएं।

---

**प्रक्रिया** भूमि अधिग्रहण को लेकर किसान प्रतिनिधियों की बैठक

# सिवानी से हांसी होकर जींद तक बिछाई जाएगी हाई वोल्टेज लाइन

**इस परियोजना के तहत सिवानी से जींद तक 270 टावर लगेंगे, 20 वर्ग मीटर भूखंड में होगा हर टावर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी से होकर सिवानी से जींद तक बिछाई जाने वाली हाई वोल्टेज बिजली लाइन के भूमि अधिग्रहण को लेकर शुक्रवार को जिला सचिवालय परिसर में एसडीएम राजेश खोथ की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी तथा किसानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान पावर ग्रिड सिवानी ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिकारियों ने बताया कि सिवानी से जींद पावर ग्रिड स्टेशन तक बिजली की लाइन बिछाई जानी है। इस परियोजना के अंतर्गत 270 बिजली के टावर सिवानी से जींद तक स्थापित करवाए जाएंगे। प्रत्येक टावर करीब 20 वर्ग मीटर भूखंड में बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूमि अधिग्रहण को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। रेट कमेटी गठित की जा रही है जिसमें किसान प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। आयोजित बैठक में सिसाय बोलान, धमाना, सालाडेरी गांव के किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे। किसान प्रतिनिधियों की सहमति से भूमि मूल्य कर्ता का चयन किया गया। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि यह बिजली लाइन जिला के 12 गांव से होकर गुजरेगी।

कंवारी गांव से हांसी जिला में प्रवेश करेगी। उन्होंने बताया कि 6 गांव के किसान प्रतिनिधियों के साथ पहले ही बैठक की जा चुकी है, जल्दी बाकी गांव के किसान प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक कर इस विकास परियोजना को आगे बढ़ाया जाएगा।



**हांसी।** भूमि अधिग्रहण को लेकर आयोजित मीटिंग की अध्यक्षता करते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो : हरिभूमि

---

### बुजुर्ग महिला से मारपीट कर चोरी करने के आरोपी को जेल भेजा

**हिसार।** एचटीएम थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिला से मारपीट करके चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शिव नगर स्थित योग नगर निवासी मोनू के रूप में हुई है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक पप्पू राम ने बताया कि इस संबंध में वार्ड 7 निवासी सतीश कुमार सोनी ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार गत एक अप्रैल की रात को अज्ञात व्यक्ति उनके मकान की दीवार फांदकर घर में घुस आया। उस समय उसकी 70 वर्षीय माता तारावती घर में सो रही थीं। आरोपी ने उसकी माता के साथ मारपीट की, जिससे वे बेहोश हो गईं, तथा उनके तकिये के नीचे रखे 5000 रुपये चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान एक संदिग्ध युवक की पहचान मोनू के रूप में हुई। पुलिस टीम ने आरोपी को ठंडी सड़क क्षेत्र से काबू कर गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात कबूल की। आरोपी नशा करने का आदी है। उसके कब्जे से 500 रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपी के विरुद्ध पहले भी थाना एचटीएम एवं थाना शहर में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पिता का दोस्त बनकर युवती से साइबर ठगी करने का आरोपी आगरा से पकड़ा

**हांसी।** साइबर थाना ने आगरा से पुलिस ने पिता का दोस्त बताकर युवती से करीब 70 हजार रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी विशाल के रूप में हुई है। आरोपी के पास से ठगी किए गए रुपयों में से 30 रुपए बरामद किए हैं। एएसआई सज्जन कुमार ने बताया कि साइबर थाना पुलिस में हांसी निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 20 मार्च 2025 को उसकी बेटी के मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने स्वयं को मेरा दोस्त बताते हुए मेरी बेटी से कहा कि मुझे आपके पापा के 5 हजार रुपए देने थे लेकिन गलती से 5 हजार रुपये की बजाय 75 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए हैं और उसने गलती से फालतू भेजे गए 70 हजार रुपये वापस भेजने को कहा। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने इस संबंध में मेरी बेटी को एक टेक्स्ट मैसेज भी भेजा, जिससे उसकी बेटी उसके झांसे में आ गई और उसने तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से उसे 69,990 रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन जब मुझसे इस बारे में बात की तो उसे ठगी का एहसास हुआ, साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच के दौरान तकनीकी विश्लेषण व सूचनाओं के आधार पर आरोपी विशाल को गिरफ्तार कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस इस मामले में इससे पूर्व दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे ठगी किए गए रुपए बरामद कर चुकी है।



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

## लाइफ Style



# साई
## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना

साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

## हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गनः मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सख्त

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा यातायात नियमों की पालना व सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से हांसी पुलिस द्वारा गुरुवार रात को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, रिहायशी इलाकों, संवेदनशील क्षेत्रों पैनी नजर बनाए हुए है। पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान 470 वाहनों की जांच की गई तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 130 के चालान किए गए।

### कैबिनेट मंत्री आज गोशालाओं को देंगे चेक

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा शनिवार को गांव धांसू में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न गोशालाओं को आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित करेंगे। कार्यक्रम में आसपास के गांवों की गौशालाओं के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे।

### मीटर लोड के नाम पर धोखाधड़ी से सचेत रहें

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि 'मीटर लोड बढ़वाने' एवं 'नया बिजली मीटर लगाने' के नाम पर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। ठग खुद को बिजली निगम का कर्मचारी बताकर फोन, मैसेज या घर आकर लोगों से संपर्क करते हैं और त्वरित कार्यवाही का झांसा देकर नकद/ऑनलाइन भुगतान मांगते हैं। इस तरह की धोखाधड़ी से सचेत रहने की जरूरत है।

## नीट, एचसीएस एवं संबद्ध परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

# एडीसी ने परीक्षा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के दिए निर्देश



हिसार। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 3 मई को जिले में होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान और बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में जानकारी दी गई कि एनटीए द्वारा आयोजित यह नीट (यूजी) परीक्षा 3 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा, जिसके बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी वीसी के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात की सुचारू व्यवस्था, परीक्षार्थियों के साथ आए उनके अभिभावकों की सहुलियत, पार्किंग की समुचित व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंधों की जानकारी ली। किसी भी परीक्षार्थी को समय पर केंद्र तक पहुंचने में बाधा न आए इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परीक्षा केंद्रों के आसपास स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त एंबुलेंस तैनात की जाएं तथा पार्किंग स्थलों का पूर्व निर्धारण किया जाए। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए भी मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### समय रहते इंस्टॉल करें जैमर

वीसी के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर पीने के पानी, बिजली, शौचालय सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। जैमर को समय रहते इंस्टॉल किया जाए और सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे समय रहते लगा लिए जाए। जरूरत पडने पर परीक्षार्थियों को केंद्र तक पहुंचाने के लिए डायल 112 सेवा का भी उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही, 26 अप्रैल को हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एचसीएस एवं संबद्ध सेवाओं की परीक्षा के लिए भी पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम ज्योति मित्तल, डीडीपीओ नरेंद्र कुमार, डीआईओ दीपक भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 27 शिकायतें वर्ष 2024 व 169 शिकायतें वर्ष 2025 की अब तक लंबित...

# समाधान शिविर के दौरान 4 हजार 37 शिकायतों का हुआ समाधान

- लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एडीसी उत्सव आनंद ने विभागाध्यक्षों को दिए निर्देश

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर में आयोजित होने वाले समाधान शिविर में अब तक जिला हिसार में कुल 6 हजार 64 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 4 हजार 37 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, 1609 शिकायतें विभागों द्वारा अस्वीकृत की गई, जबकि 418 शिकायतें लंबित है। इनमे से 27 शिकायतें वर्ष 2024 की है जबकि 169 शिकायतें वर्ष 2025 की लंबित हैं। वर्ष 2026 की 222 शिकायतें लंबित है जिन पर कार्रवाई की जा रही है।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित वीसी के माध्यम से समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त उपायुक्त ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से समाधान निर्धारित समय-सीमा में किया जाए तथा हर मामले में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित हो। विशेषकर 2024 की 27 तथा वर्ष 2025 की 169 लंबित शिकायतों का समाधान जल्द किया जाए।

### विभागाध्यक्षों को हिदायत

अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने विभाग वार शिकायतों की समीक्षा करते हुए हुए अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के बाद उसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट नए फॉर्मेट में भरकर तुरंत समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होने बार-बार री-ओपन हुई शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने की हिदायत दी।



हांसी। विश्रामगृह में आयोजित अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित करते डीसी राहुल नरवाल। फोटो : हरिभूमि

# मदर-डॉटर डे मनाने का उद्देश्य घातक बीमारियों पर रोक लगाना

- हांसी के प्रत्येक सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में मनाया जाएगा मदर-डॉटर डे

**हांसी।** डीसी राहुल नरवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गर्भाशय कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के तहत हो रहे कार्यों की गहनता से समीक्षा की गई।

डीसी राहुल नरवाल ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला में 14 और 15 वर्ष आयु की 3699 लड़कियां है। इन सभी लड़कियों को गर्भाशय कैंसर जैसी बीमारी से बचाव के लिए माता-पिता की सहमति से टीकाकरण करवाना करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व तथा पंचायत विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि वे टीकाकरण करवाने के फायदे तथा नहीं करवाने के नुकसान के बारे में नागरिकों को जागरूक करें।

डीसी नरवाल ने कहा कि जिला की प्रत्येक सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालय में माता पुत्री दिवस भी मनाया जाएगा। बहुत ही जल्द इस दिवस की तिथि का निर्धारण कर दिया जाएगा। उन्होंने हांसी तथा नारनौंद उपमंडल के एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

### वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएं

डीसी राहुल नरवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की वे ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र में टीकाकरण कैंप लगाने के लिए विस्तृत शेड्यूल तैयार करें और कैंप के आयोजन से पहले संबंधित क्षेत्र के लोगों को जानकारी अवश्य दे ताकि कैंप की आयोजन का उद्देश्य पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पतालों, सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में तो टीकाकरण किया ही जा रहा है अब विद्यालय में भी निर्धारित आयु वर्ग की लड़कियां टीकाकरण करवा सकती है। यह टीकाकरण निशुल्क किया जा रहा है। बैठक में एसडीएम राजेश खोथ, एसडीएम विकास यादव, एसएमओ डॉ राजीव डाबला, डॉ नरेंद्र शर्मा, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, सीएमजीजीए प्रतीक्षा सांगवान सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास एवं पंचायत व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका कर्मियों किया झाड़ू प्रदर्शन, शोषण के आरोप लगाए

- चेतावनी : मांगे पूरी नहीं हुईं तो करेंगे बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद




नारनौंद। शहर में झाड़ू प्रदर्शन करते नगरपालिका सफाई कर्मचारी व अन्य।

मांगों को लेकर नगर पालिका नारनौंद के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को झाड़ू प्रदर्शन कर रोष जताया। प्रदर्शन नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर खांडा मोड़ तक निकाला गया, जिसमें कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई। साथ ही चेतावनी दी कि अगर जल्द सभी मांगे पूरी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान मंसाराम ने की, जबकि मंच संचालन नसीब ने किया।

कर्मचारी नेता देवेंद्र लोहान ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही। इकाई प्रधान मंसाराम ने सरकार पर कर्मचारियों की अनदेखी और शोषण के आरोप लगाते हुए कहा कि कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं दे रही। प्रदर्शन में कुलदीप, कमलेश देवी, रेणु, विद्या देवी, ओमपति, रामकली, सुंदर, राजवीर, पवन, दीपक, विजयपाल सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# सुलखनी में रास्ते से नहीं हटा कब्जा, ग्रामीणों में रोष

- जल्द समाधान नहीं होने पर मामला सीएम दरबार में ले जाएंगे

**बरवाला।** गांव सुलखनी में बुगाना रोड से वाटर वर्क्स तक जाने वाली फिरनी को कब्जा मुक्त कराने और उसकी पैमाइश का मामला लंबे समय से लंबित पड़ा है। पंचायत प्रस्ताव, शिकायत और अधिकारियों के बीच पत्राचार होने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में भारी रोष पनप रहा है।

ग्राम पंचायत सुलखनी द्वारा फिरनी को कब्जा मुक्त कराने और उसकी पैमाइश कराने के लिए कई स्तर पर प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई अब तक शुरू नहीं हो पाई है। गुस्साए ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता गांव के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जिससे रोजमर्रा के आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं। पंचायत ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए प्रस्ताव संख्या 3 दिनांक 03-12-2025 सर्वसम्मति से पारित किया था। इसके बाद संबंधित विभागों को पत्राचार भी किया गया, लेकिन आज तक न तो पैमाइश हुई और न ही अतिक्रमण हटाया गया। शिकायतकर्ता रमेश ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो इस मामले को मुख्यमंत्री के दरबार में ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं, समस्या जस की तस है।

# फायर ब्रिगेड कर्मियों ने प्रदर्शन कर विधायक को सौंपा अपना मांग पत्र

- शहीद दमकल कर्मियों के परिजनों के लिए मुआवजा व नौकरी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। विधायक विनोद भयाना को ज्ञापन सौंपते दमकल कर्मी।

फायर ब्रिगेड कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को 17वें दिन भी जारी रही। दमकल कर्मचारियों ने शुक्रवार को सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड कार्यालय से विधायक विनोद भयाना के आवास तक पैदल मार्च निकाला और विधायक भयाना को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। विधायक विनोद भयाना को सौंपे ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि वे पिछले 17-18 दिनों से लगातार धरने पर बैठे हैं, लेकिन सरकार या प्रशासन की ओर से अब तक कोई बातचीत नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

शहीद दमकल कर्मियों को 1-1 करोड़ देने की मांग

दमकल कर्मचारियों ने ज्ञापन में मांग की है कि, 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद की एक स्टील कंपनी में लगी आग में शहीद हुए दमकल कर्मी भवीचंद शर्मा और रणवीर सिंह के परिवारों को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इसके अतिरिक्त, अग्निशमन कर्मचारियों की लंबित मांगों का भी तुरंत समाधान किया जाए। प्रदर्शन के दौरान अग्निशमन कर्मचारी विनोद ने बताया कि वे 17 दिनों से हड़ताल पर हैं और उन्हें कई कर्मचारी संगठनों का समर्थन भी मिल चुका है।

## 7 करोड़ 69 लाख रुपये की राशि जारी

# बरवाला में जल्द होगा सिटी पार्क लाइब्रेरी तथा सड़क का निर्माण



रणबीर गंगवा, कैबिनेट मंत्री।

**हिसार।** प्रदेश के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि बरवाला में जल्द ही सिटी पार्क, लाइब्रेरी तथा सडक़ मार्ग का निर्माण होगा, इसके लिए शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने 7 करोड़ 68 लाख 91 हजार रूपये की राशि जारी कर दी है। बताया कि शहरी अवसंरचना विकास निधि योजना के तहत पुस्तकालय निर्माण के लिए 385.60 लाख की प्रशासनिक मंजूरी और धनराशि का आवंटन कर दिया गया है। सिटी पार्क के निर्माण कार्य के लिए 324.57 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के अंतर्गत एन.एच. 52 पर जनता धर्म कांटा के पास से बरवाला बाइपास एनएच 65/52 तक पक्के रास्ते के निर्माण के लिए 58.74 लाख रुपये की धनराशि का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही तीनों परियोजनाओं पर काम आरंभ होगा इसके लिए नगर परिषद को विस्तृत दिशा निर्देश भी जारी कर दिए है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बरवाला उपमंडल क्षेत्र के चरणबद्ध विकास को लेकर व्यापक कार्य योजना तैयार की गई है।

## प्रोजेक्ट बनाकर सरकार को भेजा जाएगा

# जर्जर सड़कों की मरम्मत की रिपोर्ट बनाने के दिए निर्देश



प्रवीण पोपली, मेयर।

**हिसार।** शहर में विकास कार्यों को गति देने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सड़कों के सुधार और निर्माण को लेकर एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी। जिससे शहरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। मेयर ने अधिकारियों को सभी वार्डो में कच्ची सड़कों को पक्का करने और जर्जर हो चुकी पक्की सड़कों की मरम्मत या पुनर्निर्माण के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार पूरे शहर का प्रोजेक्ट बनाकर सरकार को जल्द ही भेजा जाएगा।

मेयर प्रवीण पोपली ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप शहर की आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। मेयर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शहरी क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति सुधारने के लिए विशेष पहल की है। मेयर प्रवीण पोपली ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे कच्ची सड़कों को पक्का करने और जर्जर हो चुकी पक्की सड़कों की मरम्मत या पुनर्निर्माण के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार करें।

## ठग ओटीपी हासिल कर निकाल लेते हैं रकम

# मोबाइल गुम या चोरी होने पर बढ़ सकता है साइबर खतरा



विनोद कुमार, एसपी, हांसी।

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए मोबाइल फोन गुम अथवा चोरी होने की स्थिति में संभावित साइबर खतरों को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आज के समय में मोबाइल फोन केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि बैंकिंग, यूपीआई, सोशल मीडिया, ई-मेल और अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल सेवाओं का केंद्र बन चुका है। ऐसे में मोबाइल गलत हाथों में जाने पर आर्थिक ठगी, डाटा चोरी और डिजिटल फ्रॉड का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी गुम हुए मोबाइल में मौजूद सिम कार्ड, बैंकिंग एप्स, सोशल मीडिया अकाउंट्स और सेव किए गए पासवर्ड का दुरुपयोग कर सकते हैं। कई बार अपराधी ओटीपी हासिल कर खातों से पैसे निकालने या सोशल मीडिया के माध्यम से परिचितों से ठगी करने का प्रयास करते हैं। बताया कि मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर तुरंत मोबाइल नंबर को संबंधित टेलीकॉम कंपनी से ब्लॉक करवाएं।

## हाईवे पर वाहनों की लगीं लंबी कतारें

# लोहे के रोल लदा ट्रक पलटा बाल-बाल बचा चालक



हिसार। ट्रक को हाइड्रा क्रेन की सहायता से उठाने का प्रयास करते हुए।

**हिसार।** हिसार-दिल्ली नेशनल हाइवे के पास महाराणा प्रताप चौक से कैंट की तरफ जाते समय एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। ट्रक के साथ चल रहे कार चालकों ने कार की स्पीड बढ़ाकर जान बचाई। यह ट्रक एक निजी कंपनी का है जो लोहे के रोल लेकर गुरुग्राम की ओर जा रहा था। जैसे ही यह ट्रक हिसार शहर से बाहर निकला तो अनियंत्रित होकर गिर गया। इस ट्रक के ओवरलोड होने की आशंका बताई जा रही है। इस कारण यह सड़क पर बैलेंस नहीं बना पाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया और ट्रक को हाइड्रा क्रेन की मदद से उठाया। ट्रक में भारी भरकम लोहे के रोल हैं, जिससे ट्रक उठाने में दिक्कत हुई। हाइवे पर लंबी कतार लग गई जिस कारण एंबुलेंस व अन्य वाहनों को दूसरी लेन से निकालने की व्यवस्था की गई।

## हैप्पी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा



**हांसी।** इंदिरा कॉलोनी स्थित हैप्पी पब्लिक स्कूल में बच्चों के चहुंमुखी विकास व स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को स्कूल प्रांगण में रस्सी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में तीसरी से दसवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने खेल में उत्साह दिखाते हुए एक दूसरे को मात देने के लिए कड़ी मेहनत की व अपना स्थान निर्धारित किया। स्कूल प्राचार्य व डायरेक्टर सुरेंद्र बेरवाल ने बताया कि कक्षा तीसरी से कार्तिक, चौथी से प्रीत, पांचवी से वैष्णवी, छठी से दिव्या, सातवीं से वंशिका, आठवीं से वरुण व नौवीं कक्षा की दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर स्कूल प्राचार्य व डायरेक्टर सुरेंद्र बेरवाल ने विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करते हुए कहा कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए इस प्रकार कि प्रतियोगिताओं का आयोजन जरूरी है।

## आस्था | बाबा भैरव धाम में माता के जागरण व देवी यज्ञ में सैकड़ों भक्त पहुंचे

# 'मेरे यार सुदामा रै भाई घणे दिनां मैं आया' भजन सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

दुर्जनपुर के बाबा भैरव धाम में गायकों ने भजनों से किया माता की महिमा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बाबा भैरव धाम में उपस्थित श्रद्धालुगण।

बाबा भैरव धाम में जनकल्याण के निमित माता का विशाल जागरण व देवी यज्ञ का आयोजन पूरी आस्था के साथ किया गया। जागरण व देवी यज्ञ में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। ह्यूमन वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में गांव दुर्जनपुर स्थित बाबा भैरव धाम में आयोजित किए गए जागरण में माता का भव्य दरबार सजाया गया। श्रद्धालु माता रानी के अदभुत श्रृंगार के दर्शन करके अभिभूत हो गए। इस दौरान विभिन्न झांकियां भी निकाली गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष सीताराम शास्त्री ने बताया कि माता के जागरण में देशभर से साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में विश्व शांति, पर्यावरण संतुलन और समस्त मानव जाति के कल्याण की कामना के साथ देवी हवन-यज्ञ किया गया। हवन में भी काफी संख्या में भक्तों ने शिरकत की। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायिका विधि देशवाल, महक कौशिक और मनदीप अलेवा (एमएलए) ने भजनों के माध्यम से समां बांध दिया। श्रद्धालुओं की फरमाइश पर गायिका विधि देशवाल ने अपना प्रसिद्ध गीत मेरे यार सुदामा रै भाई घणे दिनां मैं आया गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सुदामा की झांकी देखकर भी भक्तगण भाव विह्वल हो गए। इस दौरान विधि देशवाल ने शालीन व मर्यादित गीत सुनने का आह्वान भी किया। महक कौशिक ने भजन के माध्यम से भगवान की आराधना करने के साथ-साथ माता-पिता की सेवा करने का संदेश दिया।

### सूचना

मैं, राजकुमार पुत्र श्री काशी राम निवासी गावं बुडाक उपतहसील बालसमंद जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रवि कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है इस लिए मैं अपने पुत्र रवि कुमार को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में कोई भी व्यक्ति मेरे पुत्र रवि कुमार के साथ किसी प्रकार का लेन देन या व्यवहार करता है तो वह स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### होमगार्ड को धमकी देने का आरोपी युवक काबू

**हिसार।** कैंप चौक स्थित ट्रैफिक पुलिस चौकी में हंगामा और होमगार्ड से मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसे निशानदेही के लिए मौके पर भी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम सरसौद गांव का युवक अपनी बहन के साथ कार में था, जहां दोनों में विवाद हो गया। युवती ने चौक पर तैनात होमगार्ड प्रदीप और दीपक से मदद मांगी। होमगार्ड द्वारा युवक को चौकी में बैठाने पर वह भड़क गया और मारपीट कर वर्दी फाड़ दी। उसने चौकी की खिड़कियों के शीशे भी तोड़ दिए, जिसमें वह खुद घायल हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे काबू कर अस्पताल में भर्ती कराया।

### सरेआम सट्टा खाईवाली करता एक आरोपी दबोचा

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे एक युवक को काबू किया है। आरोपी की पहचान मंडी सैनियान स्थित रविदास चौक निवासी प्रदीप के रूप में हुई है। एएसआई शक्ति सिंह ने बताया कि गश्त व अपराध जांच के दौरान सूचना मिली थी कि राधिका फैक्ट्री रोड के पास स्थित रविदास मंदिर के समीप प्रदीप नामक एक युवक सरेआम सट्टा खाईवाली का अवैध कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर दबिश देकर आरोपी प्रदीप को काबू कर तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से सट्टा खाईवाली से संबंधित 20,300 रुपए बरामद कर पुलिस कब्जे में लेकर आरोपी के विरुद्ध थाना शहर हांसी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### कंडीशनल वारंट मामले में फरार आरोपी धरा

**हांसी।** किला बाजार चौकी पुलिस ने कंडीशनल वारंट मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के लोनी निवासी परमांशु के रूप में हुई है। एएसआई मुनीष कुमार ने बताया कि आरोपी लगभग दो वर्षों से अदालत में पेशी पर गैरहाजिर चल रहा था। जिस पर अदालत द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### 5 नशा पीड़ितों की पहचान कर उपचार शुरू करवाया

**हिसार।** पुलिस की नशामुक्ति टीम की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया जा रह है। इसके अलावा नशा पीड़ितों की पहचान करके उनका उपचार भी करवाया जा रहा है। नशा मुक्ति टीम प्रभारी हवा सिंह ने बताया कि सदर क्षेत्र के गांव धांसू में पांच नशा पीड़ित लोगों की पहचान की गई है, जो नशे की लत से प्रभावित है। इनमें से चार नशा पीड़तिों क्रो जिले के नागरिक अस्पताल में डॉक्टर से काउंसलिंग करवाकर दवाई दिलवाई व एक को सीएचसी धांसू से दवाई दिलवाने के बाद सभी नशा पीड़तिों को उनके घर मे लें जाकर परिजनों के हवाले किए गए। इस दौरान ग्रामीणों को नशा से होने वाली सामाजिक आर्थिक और मानसिक नुकशान बारे विस्तार से बताया गया व लोगों को अपने क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने मे पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई।

## गुजवि में विज्ञान भारती के सौजन्य से शुरू हुआ दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# स्वदेशी रक्षा तकनीक से भारत बन रहा सुरक्षित व ताकतवर : डॉ. रामाराव

- सीसीएसएचएयू, लुवास और आईसीएआर-एनआरसीइ के सहयोग से हो रहा है सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। उद्घाटन करते आकाश एयर सिस्टम के जनक पद्मश्री डॉ. प्रह्लाद रामा राव व अन्य अतिथिगण।

आकाश एयर सिस्टम के जनक तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. प्रलहाद रामा राव ने कहा है कि भारत विभिन्नताओं का देश है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए भारत का सुरक्षित समृद्ध, वैज्ञानिक, सामाजिक तथा सुसज्जित होना आवश्यक है। भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वदेशी रक्षा तकनीक न केवल भारत को सुरक्षित व ताकतवर बना रही हैं बल्कि मित्र देशों को भी इन तकनीकों का फायदा मिलने लगा है।

विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. प्रलहाद रामा राव राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2026 के उपलक्ष्य में, विज्ञान भारती हरियाणा (विभा) व गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (गुजवि) द्वारा विकसित भारत '2047' के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगोष्ठी तथा 'विकसित भारत हेतु नवाचार एवं प्रौद्योगिकी' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (एसटीसी एंड आईसीआईटी 2026) को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएसएचएयू), लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, (लुवास) और राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र (आईसीएआर - एनआरसीइ) के सहयोग से हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डा. शिव कुमार शर्मा, जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी) के प्रबंध निदेशक डा. जितेन्द्र कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज, लुवास के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा, आईसीएआर-एनआरसीइ के निदेशक डा. तरुण कुमार भट्टाचार्य भी मुख्य मंच पर उपस्थित रहे। डॉ.. प्रलहाद रामा राव ने कहा कि तकनीक एवं नवाचार के क्षेत्र में भारत हजारों साल पहले भी नंबर वन था।

भारतीय ज्ञान परंपरा तथा आधुनिक विज्ञान एवं तकनीकी का संयोजन ही हमें फिर से विश्व गुरु बना सकता है। हमें आर्थिक समृद्धि तथा ऊर्जा संवर्धन के साथ - साथ रक्षा तकनीकों पर भी और अधिक काम करना होगा। स्पेस शोध ही हमें भविष्य के लिए ताकतवर बनाएगा। इसके लिए जिओ पॉलिटिक्स को भी समझना होगा।

### भारतीय ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझना आवश्यक

विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिव कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने की आवश्यकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा हमें सूचनाओं को ज्ञान में बदलना तथा ज्ञान को विवेक में बदलना सिखाती है। सूचना को ज्ञान में और ज्ञान को विवेक में बदलकर क्रियान्वयन करने से ही हम संतुलित विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। पर्यावरण सरंक्षण एवं जैव विविधता को बनाए रखना आवश्यक : डॉ. कुमार बीआईआरएसी के एमडी डॉ. जितेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वास्तविक विकास की अवधारणा तभी सार्थक होगी जब हम विकास के सही अर्थ को समझ लेगे। संतुलित विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता को बनाए रखना भी आवश्यक है। उन्होंने बीआईआरएसी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था के पास फंडिंग की कोई कमी नहीं है। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. एम के शर्मा ने स्वागत संबोधन किया तथा प्रो. सुजाता सांघी ने धन्यवाद संबोधन प्रस्तुत किया। डॉ. विवेक ने मुख्यअतिथि को उनके परिचय के साथ प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया। इस दो दिवसीय आयोजन में एक हजार से अधिक स्कूली विद्यार्थी, पांच सौ से अधिक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शोधार्थी तथा विभा सदस्य भाग ले रहे हैं।

## न्यूज डायरी




### कर्नाटक को हराकर हरियाणा सेमीफाइनल में

**हिसार।** ग्वालियर में जारी चतुर्थ अस्मिता सब-जूनियर हॉकी लीग के अपने ग्रुप में हॉकी हरियाणा ने शुरुआत के दोनों मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी दावेदारी पक्की कर ली है। यह प्रतियोगिता 28 अप्रैल तक जारी रहेगी। कोच अजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले ही मैच में हॉकी हरियाणा ने कर्नाटक की टीम को एकतरफा मैच में 9-0 से पराजित किया। कर्नाटक की टीम के अनेक प्रयास के बावजूद भी वो कोई गोल नहीं पाई। हरियाणा की ओर से हिसार की अंजलि ने दो गोल दागे। हिसार की विशाखा, वंशिका और ज्योति ने 1-1 गोल करके अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इनके इलावा सोनीपत की रीतिका ने 2 गोल, आरती और चंचल ने 1-1 गोल हरियाणा के लिए दागा। उन्होंने बताया कि हरियाणा का दूसरा मैच आंध्र प्रदेश के साथ हुआ जिसमें हरियाणा ने आंध्र प्रदेश को 7-1 से पराजित किया और पूल में टॉप कर सेमी फाइनल में अपनी दावेदारी पक्की की। हरियाणा की टीम के कोच अजय शर्मा, राजेश, मैनेजर मनीषा आदि ग्वालियर गए हुए हैं। उन्होंने बताया कि ग्वालियर में हुई 5वीं अस्मिता जूनियर हॉकी लीग में हॉकी हरियाणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।



### हिंदू पब्लिक स्कूल के 25 कैडेट्स का एनसीसी में चयन

**हिसार।** चौधरीवास स्थित हिंदू पब्लिक स्कूल के 25 विद्यार्थियों का एनसीसी में चयन हुआ है। यह चयन प्रक्रिया 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन द्वारा आयोजित की गई, जिसमें कुल 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया कर्नल ज्ञानप्रकाश पांडे के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का मूल्यांकन किया गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद 25 कैडेट्स का चयन किया गया। स्कूल के प्राचार्य अजय श्योरान ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इससे विद्यार्थियों को भविष्य में सशस्त्र बलों में करियर बनाने का अवसर भी मिलता है। इस अवसर पर चयन प्रक्रिया में सहयोग देने वाले रविशंकर कुमार और उदयवीर और सुदेश पूनिया शामिल रहे।

### रॉयल स्कूल के विद्यार्थियों ने एनसीसी भर्ती में लिया भाग

**हिसार।** थर्ड हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार के सीओ कर्नल सुनील कटारिया की उपस्थिति और दिशा- निर्देशन में रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा -खेड़ी में नए सत्र 2026-27 के लिए एनसीसी भर्ती की गई। इस भर्ती को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए थर्ड हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार की तरफ से कैप्टन रोहताश, नायब सूबेदार तख्त सिंह, हवलदार साहिल उपस्थित रहे। स्कूल एएनओ सेकंड ऑफिसर पूनम बिश्नोई ने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया में विद्यालय के 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें 45 लड़के और 15 लड़कियां शामिल थे। प्रथम वर्ष के लिए 50 कैडेट्स की भर्ती की गई है। भर्ती के लिए सभी छात्र-छात्राओं को शारीरिक व मानसिक परीक्षण से गुजरना पड़ा। सभी का मेडिकल परीक्षण किया गया। मेडिकल परीक्षण में पास होने वाले सभी प्रतिभागियों के मानसिक परीक्षण के लिए 50 नंबर की लिखित परीक्षा ली गई। इसके पश्चात सभी का साक्षात्कार लिया गया। स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना व सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल डॉ. डीवी नेहरा ने कक्षा आठवीं और नौवीं के सभी विद्यार्थियों को इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, प्रिंसिपल जानू प्रिया कथूरिया, सैनिक स्कूल एएनओ सेकंड ऑफिसर किरण, नायब सूबेदार देवेंद्र सिंह (रिटायर्ड) भी उपस्थित रहे।





### तीन दशक के सल्फर अनुसंधान बुलेटिन का विमोचन

**हिसार।** मृदा तथा पौधों में सूक्ष्म एवं गौण पोषक तत्वों तथा प्रदूषक तत्वों के शोध से संबंधित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की 30वीं द्विवार्षिक कार्यशाला का आयोजन भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल में किया गया। इस अवसर पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार केंद्र द्वारा तैयार 'हरियाणा में सल्फर अनुसंधान के तीन दशकः कमी की पहचान से लेकर सटीक पोषक तत्व प्रबंधन तक' शीर्षक बुलेटिन का विमोचन किया गया। इस कार्यशाला में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की ओर से डॉ. रोहतास कुमार (परियोजना अन्वेषक), डॉ. निधि काम्बोज, डॉ. हरेंद्र कुमार यादव तथा डॉ. विकास कुमार ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मृदा विज्ञान विभाग में वर्ष 1967 से संचालित परियोजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा करना तथा आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श करना था। इसमें देशभर के विभिन्न केंद्रों से आए वैज्ञानिकों ने भाग लेकर अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए। कार्यशाला के दौरान हिसार केंद्र द्वारा वर्ष 1967 से 2024 तक किए गए अनुसंधान कार्यों को मुख्य बिंदुओं के रूप में पोस्टर के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया। साथ ही, केंद्र में कार्यरत डॉ. हरेंद्र कुमार को शोध सहयोगी श्रेणी में 'बेस्ट रिसर्च वर्कर अवार्ड' से सम्मानित किया गया।



### समाजसेवी स्व. बीके भारती की पुण्यतिथि पर हवन

**हिसार।** दास संस्था की ओर से संचालित 12 क्वार्टर रोड स्थित भारती सेवा सदन धर्मशालामें संस्था के संस्थापक स्व. बीके भारती की पांचवीं पुण्य तिथि पर हवन किया गया। संस्था के प्रधान जितेन्द्र भारती ने बताया कि परिवार के सदस्यों के अलावा नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने स्व. बीके भारती के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने हवन में आहुति डाली। वक्ताओं ने सेवानिवृत प्रधानाचार्य स्व. बीके भारती द्वारा समाज को दिए गए योगदान को याद किया गया और कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित किया हुआ था। इस अवसर पर संस्था के प्रधान जितेन्द्र भारती, ऊषा किरण भारती, डॉ. वीरेन्द्र भारती, रमन भारती, भाविका भारती, नीलम अरोड़ा, मनोहर लाल अरोड़ा, चिराग, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, समाजसेवी भीम मक्कड़, मनोहर लाल नांगरू, डॉ. हेमंत आहुजा, सोमनाथ वधवा, सुभाष कुकड़ेजा, इन्द्र शर्मा, बीएल शर्मा, मेहरचंद मनचंदा, ओमप्रकाश असीजा, हंसराज नारंग आदि उपस्थित रहे।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर नगर निगम ने किए चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम लगातार सख्त कदम उठा रहा है। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार व एएसआई रोहित ने सैनियान मोहल्ला में एक दुकान व एक घर में कचरा सेग्रीगेशन न करके देने पर उनका चालान किया। एएसआई विजेता ने डोगरान मोहल्ला रोड पर एक ढ़ाबे में कचरा सेग्रीगेशन न करके नगर निगम के वाहन में डालने पर उनके चालान किए। एसआई कपिल, एएसआई प्रवीण ने पटेल नगर में एक दुकानदार के कचरा सेग्रीगेशन करके न देने पर चालान किए। नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में भी जागरूक किया।





हिसार। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी से बातचीत करते शिक्षण संस्थान निरीक्षण कमेटी के सदस्य डॉ. सतरूप ढांडा।

## गवर्नमेंट कॉलेज की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

**हिसार।** राजगढ़ रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद तथा प्रदेश सरकार द्वारा गठित शिक्षण संस्थान निरीक्षण कमेटी के सदस्य डॉ. सतरूप ढांडा ने महाविद्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया तथा शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों के साथ सार्थक संवाद स्थापित किया।

इस मौके पर डॉ. सतरूप ढांडा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक शिक्षण संस्थान में उच्च स्तरीय शिक्षण सुविधाओं का विस्तार करना है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक एवं प्रभावी शिक्षा वातावरण प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सरकार की यह पहल प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी।

प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने निरीक्षण कमेटी का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गठित यह समिति शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के निरीक्षण न केवल संस्थानों की गुणवत्ता को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर शिक्षा के स्तर को और ऊंचा उठाने में सहायक होंगे।

## सोलो गायन में अनुष्का ने मारी बाजी

- विद्यार्थियों की प्रतिभा को सृजनात्मक मंच देते सांस्कृतिक कार्यक्रम : डॉ. वंदना
- गुजवि के महिला छात्रावास में हुआ स्मृति कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। विजेता छात्राओं के साथ मुख्यातिथि डॉ. वंदना बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल परिसर में स्मृति कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई उपस्थित रही जबकि कुलसचिव डॉ. पवन कुमार की धर्मपत्नी रजनी शर्मा विशिष्ट अतिथि रही। डॉ. वंदना बिश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को सृजनात्मक मंच देते हैं। विश्वविद्यालय में इन कार्यक्रमों को नियमित रूप से करवाया जा रहा है। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी अपनी परंपराओं से भी जुड़ते है। कार्यक्रम में प्रो. आशा गुप्ता, प्रो. सुमित्रा, प्रो.अराधिता, प्रो. वंदना पूनिया, डॉ. सुनीता रानी एवं डॉ. प्रज्ञा कौशिक सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य वार्डन प्रो. सुजाता सांघी ने सभी का स्वागत किया जबकि कार्यक्रम का संचालन डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. विनीता ने किया। डा. अंजू गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रणाम इस प्रकार रहे

सोलो गायन प्रतियोगिता में अनुष्का ने प्रथम स्थान तथा अर्चना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डांस (सोलो) प्रतियोगिता में स्वाति ने प्रथम स्थान तथा तमन्ना ने द्वितीय स्थान हासिल किया। डुएट डांस प्रतियोगिता में पायल एवं निशा ने प्रथम स्थान, हरमन एवं आकांक्षा ने द्वितीय स्थान तथा अंशु एवं अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मटकी सजावट प्रतियोगिता में सिमरनजीत कौर ने प्रथम स्थान तथा याशी असलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में अनुष्का ने प्रथम स्थान तथा याशी असलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्सी कूद प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम स्थान, सोनिया ने द्वितीय स्थान तथा संध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में रितु ने प्रथम स्थान, नेहा ने द्वितीय स्थान तथा गरिमा ने तृतीय स्थान हासिल किया। रैम्प वॉक में सोनिया को मिस हॉस्टल क्वीन, रिंकू को मिस कॉन्फिडेंट तथा स्नेहा को मिस ब्यूटीफुल चुना गया। सभी विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 23वां स्थापना दिवस अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस वर्ष का विषय हमारा विद्यालय, हमारा गौरव, हमारी जिम्मेदारी रहा जिसने पूरे कार्यक्रम को एक उद्देश्यपूर्ण दिशा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यालय की 23 वर्षों की प्रेरणादायी यात्रा, उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा मूल्यों को अत्यंत सजीव रूप में प्रस्तुत किया। प्रत्येक प्रस्तुति में विद्यालय के प्रति समर्पण, जिम्मेदारी और गौरव की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा हमारा विद्यालय, हमारा गौरव, हमारी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

विद्यालय प्रधानाचार्या ने अपने प्रेरणादायी संदेश में कहा कि विद्यालय केवल ज्ञानार्जन का केंद्र नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, संस्कारों के विकास और जीवन मूल्यों के सुदृढ़ीकरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने विद्यालय के प्रति आत्मीयता, अनुशासन और जिम्मेदारी का भाव रखते हुए निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होना चाहिए। विद्यालय निदेशक निहाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता उसके विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों एवं समर्पण पर आधारित होती है। उन्होंने विद्यालय की निरंतर प्रगति और उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल अतीत की उपलब्धियों तक सीमित नहीं है बल्कि यह भविष्य की अनंत संभावनाओं की ओर अग्रसर है।

## कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की स्वास्थ्य विभाग शाखा प्रतिनिधिमंडल ने शाखा प्रधान अजमेर सिंह के नेतृत्व में नागरिक अस्पताल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लॉक कमेटी के प्रधान दीपक खत्री, जिला प्रधान रामफल शिकारपुर व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक प्रधान राजेश बागड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि नागरिक अस्पताल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांगें पिछले लंबे समय से लंबित पड़ी हैं। मांगों के बारे में कई बार अस्पताल प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक मांगों का समाधान नहीं किया गया है। इसके चलते कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 28 अप्रैल तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो यूनियन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सीएमओ की होगी। प्रतिनिधिमंडल में ममता, पवन, सचिन, रविन्द्र, नीलम, पंकज व सुबे सिंह आदि भी शामिल रहे।

## एडीसी ने अधिकारियों से ली प्रगति रिपोर्ट

**हांसी।** एडीसी लक्षित सरीन ने जिला में आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त लंबित शिकायतों के शीघ्र समाधान को लेकर विभागवार विस्तार से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट भी ली। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में देरी हो रही है, उनके कारणों की पहचान कर तुरंत समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। समीक्षा बैठक में सीटीएम हिमांशु चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मीटिंग में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलिफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

विश्व पशु चिकित्सा दिवस | लुवास में किया निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण

# वर्तमान में पशु चिकित्सकों की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, (लुवास) में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनेक अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश खुराना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के वेटरिनरी क्लीनिकल कॉम्प्लेक्स परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. राजेश खुराना ने अपने संबोधन में कहा कि पशुचिकित्सकों की भूमिका आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि पशुओं का स्वास्थ्य सीधे मानव स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि समय पर टीकाकरण, उचित पोषण एवं वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाकर पशुपालक अपने पशुओं की उत्पादकता बढ़ा सकते हैं तथा रोगों से बचाव कर सकते हैं। कार्यक्रम के संचालन में वेटरिनरी क्लीनिकल कॉम्प्लेक्स के विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञान सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 200 से अधिक कुत्तों, बिल्लियों एवं अन्य छोटे पशुओं का टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की अनुसंधान निदेशक डॉ. सुशीला मान, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम, कुलसचिव डॉ. राम नजर चौधरी, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिंधु, आईपीवीएस निदेशक डॉ. पवन कुमार, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. सुखदीप वोहरा, लेखा नियंत्रक विकास खरब, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नीलेश सिंधु सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।